23. ओझल होना = गायब होना, अदृश्य होना
24. कदम बढ़ाना = तेज़ चलना
25. कंधे से कंधा लगाना = संगठित होकर कार्य करना
26. कमर कसना = तैयार होना
27. कलाई खुलना = भेद प्रकट होना
28. कुहासा तोड़ना = समस्या का सुलझना
29. कलेजा ठंडा होना = शांति मिलना
30. कलेजा फटना = बहुत दुःख होना
31. कान-भरना = चुगली करना
32. काया पलट होना = बिल्कुल बदल जाना
33. कलेजा मुँह को आना = अत्यधिक व्याकुल होना
34. कमर टूटना = निराशा होना, हानि होना
35. खून खौलना = जोश में आना
36. खिल्ली उड़ाना = हँसी उड़ाना
37. गले मिलना = आलिंगन करना
38. गागर में सागर = थोड़े में बहुत
39. गद्‌गद्‌ होना = प्रसन्न होना
40. गाँठ में बाँधना = याद रखना
41. घी के दिये जलाना = खुशी मनाना
42. घुटने टेकना = हार मानना
43. चल बसना = मरना, खत्म होना
44. चकमा देना = धोखा देना
45. चोली दामन का साथ होना = घनिष्ठ संबंध होना
46. छक्के छुड़ाना = पराजित करना
47. छाले पड़ जाना = पैरों से चल नहीं पाना
48. जहर का घूंट पीना = अन्याय सहन करना
49. टस से मस न होना = विचलित न होना
50. तबाही मचाना = नाश करना
51. दाँतों तले ऊँगली दबाना = आश्चर्य चकित होना
52. दाँत पीसना = क्रोधित होना
53. दिल कचोटना = दुःखी होना
54. दिल बैठ जाना = निराशा होना
55. दौड़ धूप करना = प्रयत्न करना
56. दाल में काला होना = आशंका होना
57. धावा बोलना = हमला करना, आक्रमण करना
58. नींव रखना = शुरूआत करना
59. नौ दो ग्यारह होना = भाग जाना
60. परलोक सिधर जाना = मर जाना
61. पानी - पानी होना = लज्जित होना
62. पीले पड़ना = क्षीण होना
63. पीठ ठोकना = शबाशी देना
64. पैर उखड़ना = हार जाना
65. प्रतीक्षा करना = इंतजार करना, निरीक्षण करना
66. फूला न समाना = अत्यधिक प्रसन्न होना
67. बखान करना = वर्णन करना, प्रशंसा करना
68. बल्लियों उछलना = अत्यधिक प्रसन्न होना
69. भीगी -बिल्ली बनना = भयभीत होना
70. भेंट हो जाना = मर जाना
71. रंग में भंग पड़ना = मज़ा बिगड़ जाना
72. लोहा लेना = मुकाबला करना

# लिंग (Gender)

शब्द के जिस रूप से किसी वस्तु या प्राणी के पुरुष अथवा स्त्री जाति के होने का बोध हो, वह ' लिंग ' कहलाता है | जैसे : ' शेर ' पुरुष जाति का बोध कराता है और ' शेरनी ' स्त्री जाति का |

Additional Grammar

**लिंग के भेद :** हिन्दी में लिंग के दो भेद होते हैं |

1. पुल्लिंग (**Masculine Gender**) 2. स्त्रीलिंग (**Feminine Gender**)

1. **पुल्लिंग** (**Masculine Gender**) : शब्द के जिस रूप से किसी वस्तु या प्राणी की **पुरुष जाति** का बोध होता है, उसे पुल्लिंग कहते हैं | **जैसे–** कुम्हार, सुनार, बंदर, मोर, लेखक आदि |
2. **स्त्रीलिंग** (**Feminine Gender**) : शब्द के जिस रूप से किसी वस्तु या प्राणी की **स्त्री जाति** का बोध होता है, उसे **स्त्रीलिंग** कहते हैं | **जैसे–** कुम्हारिन, सुनारिन, बंदरिया, मोरनी, लेखिका आदि |

## पुल्लिंग से स्त्रीलिंग बनाने के नियम




1. अकारांत पुल्लिंग शब्दों के अंतिम ' अ ' को ' आ ' करके | जैसे :

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | अध्यक्षा | आचार्य | आचार्या | छात्र | छात्रा |
| अनुज | अनुजा | प्रिय | प्रिया | सुशील | सुशीला |

2. अकारांत अथवा आकारांत पुल्लिंग शब्दों के अंतिम ' अ ' या ' आ ' को ' ई ' करके | जैसे :

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|---|---|
| कबूतर | कबूतरी | हिरन | हिरनी | नर | नारी |
| देव | देवी | मुर्गा | मुर्गी | लड़का | लड़की |

3. आकारांत पुल्लिंग शब्दों के अंतिम ' आ ' को ' इया ' करके | जैसे :

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|---|---|
| कुत्ता | कुतिया | बूढ़ा | बुढ़िया | बंदर | बंदरिया |
| मुन्ना | मुनिया | बेटा | बिटिया | चूहा | चुहिया |

4. व्यवसायवाचक पुल्लिंग शब्दों के अंत में ' इन ' जोड़कर | जैसे :

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|---|---|
| कुम्हार | कुम्हारिन | ग्वाला | ग्वालिन | जुलाहा | जुलाहिन |
| तेली | तेलिन | धोबी | धोबिन | नाई | नाइन |
| माली | मालिन | लुहार | लुहारिन | दर्जी | दर्जिन |

5. कुछ संज्ञा पुल्लिंग शब्दों के अंत में ' आइन ' जोड़कर | जैसे :

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|---|---|
| ठाकुर | ठाकुराइन | हलवाई | हलवाइन | लाला | लालाइन |
| बाबू | बबुआइन | पंड़ित | पंड़िताइन | गुरु | गुरुआइन |

# वचन (Number)

जिस संज्ञा शब्द से किसी वस्तु या प्राणी की संख्या का बोध होता है, उसे ' वचन ' कहते हैं |

**वचन के भेद :** हिन्दी में वचन के दो भेद होते हैं |

1. एकवचन (**Singular Number**) 2. बहुवचन (**Plural Number**)

Additional Grammar

1. **एकवचन** (**Singular Number**) : शब्द के जिस रूप से केवल एक ही वस्तु या पदार्थ या प्राणी का बोध होता है, वह **एकवचन** कहलाता है | **जैसे–** पुस्तक, लड़का, लड़की, घोड़ा, दवात आदि |
2. **बहुवचन** (**Plural Number**) : शब्द के जिस रूप से एक से अधिक वस्तुओं या पदार्थों या प्राणियों का बोध होता है, वह **बहुवचन** कहलाता हैं | **जैसे–** पुस्तकें, लड़के, लड़कियाँ, घोड़े, दवातें आदि |

## एकवचन से बहुवचन बनाने के नियम




1. आकारांत पुल्लिंग शब्दों में अंतिम ' आ ' को ' ए ' करके | जैसे :

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|---|---|
| केला | केले | बेटा | बेटे | चश्मा | चश्मे |
| कीड़ा | कीड़े | जूता | जूते | परदा | परदे |

2. अकारांत स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में ' एँ ' जोड़कर | जैसे :

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|---|---|
| चीज़ | चीज़ें | दीवार | दीवारें | पुस्तक | पुस्तकें |
| आँख | आँखें | बात | बातें | सड़क | सड़कें |

3. आकारांत स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में ' आ ' के बाद ' एँ ' जोड़कर | जैसे :

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|---|---|
| कविता | कविताएँ | माता | माताएँ | माला | मालाएँ |
| सेना | सेनाएँ | महिला | महिलाएँ | अध्यापिका | अध्यापिकाएँ |

4. इकारांत अथवा ईकारांत स्त्रीलिंग शब्द के अंत में ' ई ' को ह्रस्व कर ' याँ ' लगा करके | जैसे :

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|---|---|
| कली | कलियाँ | मछली | मछलियाँ | गाली | गालियाँ |
| गाड़ी | गाड़ियाँ | साड़ी | साड़ियाँ | चाबी | चाबियाँ |

5. कुछ अकारांत स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में ' अनुस्वार ' लगाकर | जैसे :

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|---|---|
| चुहिया | चुहियाँ | कुतिया | कुतियाँ | गुड़िया | गुड़ियाँ |
| बिटिया | बिटियाँ | चिड़िया | चिड़ियाँ | बुढ़िया | बुड़ियाँ |

6. उकारांत अथवा ऊकारांत स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में ' एँ ' लगाकर और ' ऊ' को ' उ ' करके |

| एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|---|---|
| वस्तु | वस्तुएँ | वधू | वधुएँ | बहू | बहुएँ |

# काल (Tense)

क्रिया का वह रूप जिससे कार्य पूर्ण होने के समय का बोध हो, ' काल ' कहलाता है |

**काल के भेद :** काल के तीन भेद हैं :1. भूतकाल 2. वर्तमान काल 3. भविष्यत् काल

Additional Grammar

## 1. भूतकाल (Past Tense)

क्रिया के जिस रूप से भूत(बीते समय) में क्रिया पूर्ण होने का बोध हो, वह ' भूतकाल ' कहलाता है |

भूतकाल के भेद– भूतकाल के निम्नलिखित छः भेद हैं :




(क) सामान्य भूत (ख) आसन्न भूत (ग) पूर्ण भूत
(घ) अपूर्ण भूत (ङ) संदिग्ध भूत (च) हेतुहेतुमद् भूत

### (क) सामान्य भूत (Simple Past)

क्रिया के जिस रूप से सामान्य क्रिया के पूर्ण होने का तो पता चले; परंतु क्रिया के संपादन काल का निश्चित बोध न हो, उसे ' सामान्य भूत ' कहते हैं |

सामान्य भूत की रचना निम्न प्रकार से होती है :

मूलधातु + आ – जैसे – विराज़ ने लेख लिखा | ( लिख + आ )
मूलधातु + या – जैसे – सतीश ने आम खाया | ( खा + या )
मूलधातु + ए – जैसे – यशवंत ने अनेक पेन देखे | ( देख + ए )
मूलधातु + ई – जैसे – भरत ने रामायण पढ़ी | ( पढ़ + ई )

उपर्युक्त उदाहरणों में क्रमशः ' **लिखा, खाया, देखे** और **पढ़ी** ' क्रियाएँ भूतकाल के सामान्य रूप में प्रयुक्त हुई हैं | अस्तु, ये ' **सामान्य भूत की क्रियाएँ** ' हैं |

### (ख) आसन्न भूत (Recent Past)

क्रिया के जिस रूप से कार्य के संपादन होने का समय निकट (आसन्न) समझा जाए, उसे ' आसन्न भूत ' कहते हैं | (कुछ विद्वान इस काल को ' पूर्ण वर्तमान काल ' की संज्ञा देते हैं; क्योंकि यह सूचित करता है कि कार्य तो भूतकाल में आरंभ हुआ और वर्तमान काल में अभी-अभी समाप्त हुआ है |)

आसन्न भूत की रचना निम्न प्रकार से होती है :

मूलधातु + आ ' होना ' सहायक क्रिया – जैसे – चंचला ने पत्र लिखा है | ( लिख + आ)
मूलधातु + या ' होना ' सहायक क्रिया – जैसे – पूजा का मामा आया है | ( खा + या)
मूलधातु + ए ' होना ' सहायक क्रिया – जैसे – आज गुरू जी आए हैं | ( देख + ए)
मूलधातु + ई ' होना ' सहायक क्रिया – जैसे – अंजली ने चिट्ठी पढ़ी है | ( पढ़ + ई)

उपर्युक्त उदाहरणों में क्रमशः ' **लिखा है, आया है, आए हैं** और **पढ़ी है** ' क्रियाओं से यह पता चलता है कि कार्य अभी-अभी समाप्त हुआ है | ये ' **आसन्न भूत की क्रियाएँ** ' हैं |

# अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करना

## (Correction of incorrect Sentences )

Additional Grammar

(अ) वचन संबंधी अशुद्धियाँ :

| अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|
| 1. लड़कों पाठ पढ़ रहे थे । | 1. लड़के पाठ पढ़ रहे थे । |
| 2. ये चार आदमी का पैसा है । | 2. ये चार आदमियों के पैसे हैं । |
| 3. क्या आपने आज का समाचार पढ़ा है ? | 3. क्या आपने आज के समाचार पढ़े हैं ? |
| 4. चारों बेटा का नाम बताओ । | 4. चारों बेटों के नाम बताओ । |
| 5. निराला ने अनेकों ग्रंथ लिख डाले । | 5. निराला ने अनेक ग्रंथ लिख डाले । |
| 6. पुस्तकालय में आमुक विषय की एक भी पुस्तकें नहीं है । | 6. पुस्तकालय में आमुक विषय की एक भी पुस्तक नहीं है । |
| 7. ये कविता सुनकर आनंद का अनुभव हुआ । | 7. यह कविता सुनकर आनंद का अनुभव हुआ । |
| 8. उन सबों ने काम नहीं किया । | 8. उन सबने काम नहीं किया । |
| 9. हर एक ने कमीज़ें पहन रखी हैं । | 9. हर एक ने कमीज़ पहन रखी है । |
| 10. लड़कियें गीत गा रही थीं । | 10. लड़कियाँ गीत गा रही थीं |
| 11. वहाँ सब प्रकार की वस्तु उपलब्ध है । | 11. वहाँ सब प्रकार की वस्तुएँ उपलब्ध हैं । |
| 12. चार आदमी के लिए खाना बना है । | 12. चार आदमियों के लिए खाना बना है । |
| 13. आपके एक-एक शब्द प्रभावशाली होती है । | 13. आपका एक-एक शब्द प्रभावशाली होता है । |
| 14. अकबर ने गोले और तोपों से आक्रमण किया । | 14. अकबर ने गोलों और तोपों से आक्रमण किया । |
| 15. उसके अंग-अंग काटे गए । | 15. उसका अंग-अंग काटा गया । |
| 16. मैं आपका दर्शन करने आया हूँ । | 16. मैं आपके दर्शन करने आया हूँ । |
| 17. मैंने हस्ताक्षर कर दिया है । | 17. मैंने हस्ताक्षर कर दिए हैं । |
| 18. मुझे एक पुष्प की माला चाहिए । | 18. मुझे पुष्पों की एक माला चाहिए । |
| 19. मैं इस ऑफ़िस में पाँच वर्ष से काम कर रहा हूँ । | 19. मैं इस ऑफ़िस में पाँच वर्षों से काम कर रहा हूँ । |
| 20. तुमने अनेक प्रकार की कला सीखी । | 20. तुमने अनेक प्रकार की कलाएँ सीखीं । |

(आ) लिंग संबंधी अशुद्धियाँ :

| अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|
| 1. उसके माता जी काशी गए हैं । | 1. उसकी माता जी काशी गई हैं । |
| 2. हम तुम्हारे घर कल जाएगा । | 2. हम तुम्हारे घर कल जाएँगे । |
| 3. उसका कहानी मैंने सुना है । | 3. उसकी कहानी मैंने सुनी है । |
| 4. यह पुस्तक भी अच्छा है । | 4. यह पुस्तक भी अच्छी है । |
| 5. वह दसवें कक्षा में पढ़ती है । | 5. वह दसवीं कक्षा में पढ़ती है । |
| 6. अखिल, विराज़ और नंदिनी वन को गई । | 6. अखिल, विराज़ और नंदिनी वन गए । |
| 7. श्रीमती भानुरेखा प्रतिभाशाली महिला हैं । | 7. श्रीमती भानुरेखा प्रतिभाशालिनी महिला है । |
| 8. गुणवान महिला सर्वत्र पूजी जाती है । | 8. गुणवती महिला सर्वत्र पूजी जाती है । |
| 9. सदा सच बोलना उसकी आदत था । | 9. सदा सच बोलना उसकी आदत थी । |
| 10. आचार्य महोदय ने मुझे आज्ञा दिया । | 10. आचार्य महोदय ने मुझे आज्ञा दी । |

(इ) कारक / विभक्ति संबंधी अशुद्धियाँ :

| अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|
| 1. वह पुस्तक को पढ़ता है । | 1. वह पुस्तक पढ़ता है । |
| 2. राम रोटी खाया । | 2. राम ने रोटी खायी । |
| 3. चिड़ियाँ वृक्ष के डाली में बैठे हैं । | 3. चिड़ियाँ वृक्ष की डालियों पर बैठी हैं । |
| 4. पेड़ के पत्ते गिरते हैं । | 4. पेड़ से पत्ते गिरते हैं । |
| 5. क्या राम, तुम कब आओगे ? | 5. हे राम ! तुम कब आओगे ? |
| 6. मुझे यह बात भूल गई । | 6. मैं यह बात भूल गयी । |

# उपसर्ग (**Prefix**)

वे शब्दांश जो शब्द के शुरू में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता अथवा परिवर्तन ला देते हैं, ' उपसर्ग ' कहलाते हैं ।

**Additional Grammar**

(हिन्दी में प्रचलित उपसर्गों को चार भागों में विभाजित किया गया है : 1. संस्कृत के उपसर्ग 2. हिन्दी के उपसर्ग 3. उर्दू के उपसर्ग 4. उपसर्गों की तरह प्रयुक्त होने वाले संस्कृत के अव्यय ।)




## 1. संस्कृत के उपसर्ग

| उपसर्ग | अर्थ | उदाहरण |
|---|---|---|
| अ | नहीं, अभाव | अमर, अज्ञान । |
| अति | अधिक, ऊपर | अत्यंत, अत्याचार, अत्यधिक, अतिरिक्त, अतिशय, अत्युत्तम । |
| अधि | ऊपर, श्रेष्ठ | अधिनायक, अधिकरण, अधिकार, अधिपति, अधिकृत । |
| अनु | पीछे, समान | अनुकरण, अनुराग, अनुशासन, अनुवाद, अनुचित, अनुज । |
| अप | बुरा, हीन, अभाव | अपकार, अपमान, अपयश, अपव्यय, अपकीर्ति, अपहरण । |
| अभि | सामने, ओर, निकट | अभिमुख, अभिनय, अभिनेता, अभिमान, अभिभावक । |

## 2. हिन्दी के उपसर्ग

| उपसर्ग | अर्थ | उदाहरण |
|---|---|---|
| अ | निषेध, अभाव | अपढ़, अचेत, अज्ञान, अथाह, अछूत, अमर, अधर । |
| अन | निषेध, अभाव | अनमोल, अनपढ़, अनजान, अनदेखी । |
| अध | आधा | अधमारा, अधपका, अधखिला । |
| उ | रहित, अभाव | उजाड़, उऋण । |
| उन | एक कम | उन्नीस, उनतीस, उनचास, उनसठ, उनहत्तर । |
| औ | हीन, निषेध | औगुन, औघट । |
| कु | बुरा, नीचता | कुकर्म, कुशासन, कुख्यात, कुचक्र, कुपात्र, कुढंग । |
| दु | बुरा, हीन | दुबला, दुश्चरित्र । |
| नि | रहित | निडर, निकम्मा, निहत्था, निठल्ला । |
| बिना | निषेध | बिनदेखा, बिनजाने, बिनबोया । |
| भर | पूरा | भरपेट, भरपूर, भरसक । |




## 3. उर्दू के उपसर्ग

| उपसर्ग | अर्थ | उदाहरण |
|---|---|---|
| कम | थोड़ा | कमउम्र, कमज़ोर । |
| खुश | प्रसन्न, अच्छा | खुशहाल, खुशबू, खुशदिल । |
| ग़ैर | भिन्न, विरुद्ध | ग़ैरहाजिर, ग़ैरकानूनी, ग़ैरमुल्क । |
| दर | में | दरमियान, दरअसल । |
| ना | अभाव | नासमझ, नालायक, नापसंद, नाराज़, नामुमकिन । |
| बद | बुरा | बदसूरत, बदबू , बदमाश, बदचलन, बदकिस्मत । |

# प्रत्यय (Suffix)

वे शब्दांश जो शब्द के अंत में लगकर उसके अर्थ में विशेषता अथवा परिवर्तन ला देते हैं, उन्हें ' प्रत्यय ' कहते हैं। (स्वतंत्र रूप में इनका प्रयोग नहीं होता है।)

Additional Grammar

## प्रत्यय के भेद

प्रत्यय के दो भेद होते हैं : 1. कृत् प्रत्यय (**Primary Suffix**) 2. तद्धित् प्रत्यय ( **Nominal Suffix**)

**1. कृत् प्रत्यय :** धातुओं के अंत में जुड़ने वाले प्रत्यय ' कृत् प्रत्यय ' कहलाते हैं। इनके योग से बने शब्द ' कृदंत्' कहलाते हैं।

<u>कृत प्रत्यय के उदाहरण</u> :

अंत – भिड़न्त, घड़ंत

अन – झाड़न, बेलन, ढक्कन, मनन, मिलन, चलन।

आ – झूला, भूला, भटका, बैठा, जागा, बिसरा, भूला।

आई – लड़ाई, लिखाई, चढ़ाई, कमाई।

आप – मिलाप।

आव – चढ़ाव।

आवट – बनावट, रुकावट, सजावट, दिखावट।

ऊ – चलाऊ, खाऊ, बिकाऊ, उड़ाऊ, कमाऊ, झाड़ू।

एरा – लुटेरा।

औती – मनौती, फिरौती, चुनौती।

क – चालक, बालक, गायक, पालक।

ता – रमता, डूबता, बहता, चलता।

नी – सूँघनी, ओढ़नी, धौंकनी कतरनी।

वा – बुलावा

वैया – दिवैया, गवैया, खवैया।

हुआ – लिखा हुआ, पीटा हुआ, देखा हुआ।

अक्कड़ – भुलक्कड़, घुमक्कड़, पियक्कड़।

आक – तैराक।

आड़ी – खिलाड़ी, अगाड़ी, पिछाड़ी।

आन – उड़ान, उठान।

आलू – झगड़ालू।

आवा – भुलावा, छलावा, दिखावा।

आहट – चिल्लहट, घबराहट।

ई – फाँसी, रेती।

ऐया – लुटैया, रखैया।

औना – बिछौना, खिलौना।

कर – पढ़कर, देखकर, जाकर।

ते ही – चलते ही, पढ़ते ही, उठते ही।

या – सोया, पिया, बोया, खोया।

वाला – लिखनेवाला, रखनेवाला, बोलनेवाला।

हार – होनहार, उपहार।

हुई – सुनी हुई, लिखी हुई, देखी हुई।

ता हुआ – पढ़ता हुआ, खेलता हुआ, आता हुआ, जाता हुआ।

ना – ओढ़ना, गाना, सोना, बैठना, दौड़ना, ढ़कना, बेलना, झूलना।

# पर्यायवाची शब्द (Synonyms)

**पर्यायवाची शब्द :** जिन शब्दों के अर्थों में समानता रहती है, उन्हें ' **पर्यायवाची शब्द** ' कहते हैं | **जैसे :**

Additional Grammar

अग्नि : पावक, ज्वाला, अनल, आग |
अनुपम : अद्भुत, अपूर्व, अद्वितीय, अनोखा, अनूठा |
अमृत : पीयूष, अमी, सुधा, सोम, अमिय |
अनुचर : दास, नौकर, चाकर, सेवक, भृत्य |
अतिथि : मेहमान, आगंतुक, अभ्यागत |
अहंकार : गर्व, दर्प, घमंड, अभिमान, दंभ |
आँख : नयन, नेत्र, लोचन, दृग, चक्षु |
आकाश : आसमान, अंबर, नभ, गगन |
आभूषण : गहना, अलंकार, भूषण, विभूषण |
इच्छा : कामना, आकांक्षा, लालस, मनोरथ, अभिलाषा |
ईश्वर : सच्चिदानंद, ब्रह्मा, प्रभु, परमात्मा, ईश |
उन्नति : अभ्युदय, प्रगति, उत्थान, विकास |
किरण : मरीचि, रश्मि, अंशु, मयूख |
किनारा : तट, पुलिन, कूल, कगार |
कुबेर : यक्षराज, धनाधिप |
कोयल : कोकिल, पिक, वसंतदूत |
गंगा : जाह्नवी, भागीरथी, मन्दाकिनी, देवनदी |
चतुर : कुशल, निपुण, नागर, योग्य, प्रवीण |
तालाब : ताल, जलाशय, सरोवर, सरसी |
दूध : दुग्ध, क्षीर, गोरस, पय |
धन : दौलत, संपत्ति, वित्त, अर्थ, द्रव्य |
नदी : सलिला, सरिता, तरंगिणी, निर्झरिणी, नद |
पक्षी : चिड़िया, खग, पतंग, विहग, नभचर |
पत्थर : पाहन, पाषाण, उपल |
पृथ्वी : धरा, धरती, भूमि, वसुधा, अवनि, धरित्री |
पुष्प : सुमन, फूल, कुसुम, मंजरी |
बादल : घन, मेघ, नीरद, जलद, पयोधर, पयोद, जलधर |
बुद्धि : प्रतिभा, प्रज्ञा, मति, अक्ल |
भ्रमर : भौंरा, मधुकर, मधुप, भँवर, भृंग |
मीन : मछली, मत्स्य, झष, अंडज |
मनुष्य : मनुज, मानव, नर, आदमी, इन्सान |
मित्र : मीत, सखा, दोस्त, सहचर, साथी |
युद्ध : संघर्ष, संग्राम, रण, लड़ाई |
रात्रि : रात, यामिनी, निशा, रजनी, तमी, विभावरी |
नृप : राजा, सम्राट, भूप, नरेश |
समुद्र : जलधि, अंबुधि, वारिधि, सागर, रत्नाकर |
शोभा : आभा, कांति, छवि, दमक |
शीघ्र : अविराम, तत्काल, तुरन्त, फौरन, सत्वर |
स्वर्ग : देवलोक, सुरलोक, अवरोह |

अरण्य : कानन, जंगल, वन, विपिन |
अश्व : बाजि, घोटक, घोड़ा, तुरंग, हय |
असुर : दानव, दैत्य, निशाचर, राक्षस |
इंद्र : देवराज, महेंद्र, शचीपति, देवेंद्र |
उजाला : प्रकाश, प्रभा, आलोक, तेज, दीप्ति |
उद्यान : बगीचा, वाटिका, उपवन, बाग |
कन्या : कुमारी, पुत्री, बेटी, सुता, आत्मजा |
कमल : जलज, पंकज, सरोज, सरसिज |
क्रोध : कोप, गुस्सा, रोष, अमर्ष |
खल : नीच, दुर्जन, दुष्ट, अधम, धूर्त |
चंद्रमा : चंद्र, चाँद, शशि, हिमांशु, राकेश, सोम |
जल : सलिल, वारि, पानी, नीर, अंबु, पय |
तलवार : कृपाण, करवाल, खड्ग, चंद्रहास |
द्रव्य : दौलत, धन, वित्त, सम्पत्ति, विभूति |
नरक : यमपुर, यमलोक, यमालय, संघात |
नौका : जलयान, नाव, जलवाहन, बेड़ा |
पर्वत : भूधर, शैल, अचल, गिरि, पहाड़ |
पवन : समीर, हवा, वायु, बयार, मारुत |
प्रकाश : उजाला, रोशनी, चमक, प्रभा, द्युति |
शिक्षक : अध्यापक, गुरु, आचार्य, उपदेशक |
मोर : नीलकंठ, मयूर, सारंग |
संसार : दुनिया, जगत, विश्व |
साँप : नाग, सर्प, भुजंग, व्याल |
सूर्य : रवि, आदित्य, भास्कर, भानु |
सेना : वाहिनी, फौज, दल, अनि |
समूह : समुदाय, झुंड, टोली, गण, पुंज |
स्वर्ण : सोना, कनक, कंचन, कुंदन |
हाथ : हस्त, पाणि, कर |
हिरन : हरिण, मृग, कुरंग, सारंग |
वृक्ष : तरु, पेड़, बिटप, पादप |
पत्नी : अर्धांगिनी, भार्या, सहधर्मिणी, कलत्र |
समूह : गण, झुण्ड, दल, मण्डली |
सिंह : केशरी, मृगराज, शेर |

# विलोम शब्द (Antonyms)

उल्टा अर्थ दर्शाने वाले शब्द ' विलोम ' या ' विपरीतार्थक ' कहलाते हैं | जैसे :

Additional Grammar

| | | | |
|---|---|---|---|
| अपराधी **X** निरपराधी | अपेक्षा **X** उपेक्षा | अंधकार **X** प्रकाश | अबला **X** सबला |
| अभिमान **X** निरभिमान | अमृत **X** विष | अतिवृष्टि **X** अनावृष्टि | अनुकूल **X** प्रतिकूल |
| अनेकता **X** एकता | आशा **X** निराशा | आग्रह **X** दुराग्रह | आविर्भाव **X** तिरोभाव |
| आकर्षण **X** विकर्षण | आकाश **X** पाताल | इहलोक **X** परलोक | ईश्वर **X** अनीश्वर |
| उपयोग **X** अनुपयोग | उत्तीर्ण **X** अनुत्तीर्ण | उपस्थित **X** अनुपस्थित | उत्तर **X** अनुत्तर |
| उदार **X** अनुदार | उधार **X** नकद | उपकार **X** अपकार | ऊँचाई **X** गहराई |
| कर्म **X** निष्कर्म | कठोर **X** कोमल | कीर्ति **X** अपकीर्ति | कटु **X** मधुर |
| कृत्रिम **X** स्वाभाविक | कृतज्ञ **X** कृतघ्न | गरीब **X** अमीर | गुण **X** अवगुण |
| घात **X** प्रतिघात | घृणा **X** प्रेम | जय **X** पराजय | जीवन **X** मृत्यु |
| जटिल **X** सरल | दिन **X** रात | दुर्लभ **X** सरल | दाता **X** याचक |
| धर्म **X** अधर्म | धीर **X** अधीर | निंदा **X** प्रशंसा | न्याय **X** अन्याय |
| पुरस्कार **X** दंड | पूर्ण **X** अपूर्ण | पाप **X** पुण्य | प्यार **X** नफरत |
| प्रभु **X** सेवक | बढ़िया **X** घटिया | बढ़ना **X** घटना | बद्‍ध **X** मुक्त |
| भूत **X** भविष्यत | मंगल **X** अमंगल | मानव **X** दानव | मान **X** अपमान |
| मित्र **X** शत्रु | मोक्ष **X** बंधन | यश **X** अपयश | रहित **X** सहित |
| राग **X** विराग | लाभ **X** हानि | लोभ **X** संतोष | वक्र **X** ऋजु |
| विरोध **X** समर्थन | विपन्न **X** संपन्न | शकुन **X** अपशकुन | शयन **X** जागरण |
| शास्त्रीय **X** अशास्त्रीय | शुद्‍ध **X** अशुद्‍ध | शुभ **X** अशुभ | सजीव **X** निर्जीव |
| साक्षर **X** निरक्षर | सुपुत्र **X** कुपुत्र | सुगंध **X** दुर्गंध | स्वाधीन **X** पराधीन |
| ह्रस्व **X** दीर्घ | हँसना **X** रोना | ज्ञान **X** अज्ञान | |

# संज्ञा (Noun)

किसी व्यक्ति, गुण, वस्तु अथवा स्थान के नाम को ' संज्ञा ' कहते हैं। ( ये संज्ञा शब्द ' प्राणीवाचक ' (Animate) – बाघ, बच्चा, मयूर, दादा आदि, ' अप्राणीवचाक ' (Inanimate) – ग्राम, नगर, देश, सरिता, पहाड़ी आदि, ' गणनीय वाचक ' (Countable) – पैन, पैंसिल, कापियाँ आदि और ' अगणीयवाचक ' (Noncountable) – खटास, चमक, नमकीन आदि हो सकते हैं।)

Additional Grammar

<u>संज्ञा के भेद – उपभेद</u>




संज्ञा के तीन भेद हैं – 1. व्यक्तिवाचक संज्ञा 2. जातिवाचक संज्ञा 3. भाववाचक संज्ञा

1. व्यक्तिवाचक संज्ञा (Proper Noun)

जो शब्द किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु अथवा स्थान का बोध कराते हैं, उन्हें ' व्यक्तिवाचक संज्ञा ' कहते हैं। **जैसे** : कृष्ण, सुदाम, राधा आदि शब्द (**व्यक्तिबोधक**), महाभारत, मेघदूत, कादंबरी आदि शब्द (**बस्तुबोधक**), आँध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि शब्द (**स्थानबोधक**) हैं।

2. जातिवाचक संज्ञा (Common Noun)

जो संज्ञा शब्द किसी प्राणी, अप्राणी और वस्तु आदि की संपूर्ण जाति का बोध कराते हैं, उन्हें ' **जातिवाचक संज्ञा** ' कहते हैं। **जैसे** : ' **बंदर** ' सभी बंदरों, ' **अध्यापक** ' सभी अध्यापकों, ' **अभिनेत्री** ' सभी अभिनेत्रियों और ' **नेता** ' सभी नेताओं का बोध कराते हैं। ये जातिवाचक संज्ञा कहलाते हैं।

जातिवाचक संज्ञा दो उपभेद हैं – (क) **समुदायवाचक संज्ञा** (Collective Noun)
(ख) **द्रव्यवाचक संज्ञा** (Material Noun)

(क) **समुदायवाचक संज्ञा** (Collective Noun) : जो संज्ञा शब्द किसी समुदाय अथवा समूह का बोध कराते हैं, उन्हें ' **समुदायवाचक संज्ञा** ' कहते हैं। **जैसे** : परिवार, सभा, भीड़, सेना, कक्षा आदि।

(ख) **द्रव्यवाचक संज्ञा** (Material Noun) : जो संज्ञा शब्द किसी धातु अथवा द्रव्य पदार्थ का बोध कराते हैं, उन्हें ' **द्रव्यवाचक संज्ञा** ' कहते हैं। **जैसे** : सोना, चाँदी, पीतल, ताँबा, दूध, जल आदि।

कभी-कभी जातिवाचक संज्ञा का प्रयोग व्यक्तिवाचक संज्ञा के रूप में और व्यक्तिवाचक संज्ञा का प्रयोग जातिवाचक संज्ञा के रूप में भी किया जा सकता है। **जैसे** : आज भी देश में जयचंदों की कमी नहीं है। इस वाक्य में प्रयुक्त ' जयचंद ' से अभिप्राय गद्दार व्यक्ति से है, कन्नौज नरेश से नहीं। यहाँ व्यक्तिवाचक संज्ञा का जातिवाचक संज्ञा की भाँति प्रयोग हुआ है।

शास्त्री जी ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में देश को बहुत ऊँचा उठाया। यहाँ पर ' शास्त्री जी ' शब्द किसी जाति का बोध न कराकर विशेष व्यक्ति लालबहादुर शास्त्री का बोध करा रहा है। अस्तु, यहाँ जातिवाचक संज्ञा का व्यक्तिवाचक संज्ञा की भाँति प्रयोग हुआ है।

# सर्वनाम (Pronoun)

' सर्व ' शब्द का शाब्दिक अर्थ है – सब और ' नाम ' का अर्थ है – किसी का भी नाम । ' सर्वनाम ' सब नामों के बदले आने वाले शब्द होते हैं । ये संख्या में बारह हैं – मैं, हम, तू, तुम, आप, यह, वह, जो, कोई, कुछ, कौन, क्या । अतः संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को ' सर्वनाम ' कहते हैं ।

Additional Grammar

<ins>सर्वनाम के भेद</ins>




सर्वनाम के छः भेद हैं–
1. पुरुषवाचक सर्वनाम
2. निश्चयवाचक सर्वनाम
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
4. संबधवाचक सर्वनाम
5. प्रश्नवाचक सर्वनाम
6. निजवाचक सर्वनाम

1. पुरुषवाचक सर्वनाम (**Personal Pronoun**)

**जो सर्वनाम शब्द बोलने वाले, सुनने वाले अथवा जिसके विषय में कहा जाए, उसका बोध कराते हैं, वे ' पुरुषवाचक सर्वनाम ' कहलाते हैं । जैसे : मैं, तू , वह ।**

पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन भेद हैं : **(क) उत्तम पुरुष (ख) मध्यम पुरुष (ग) अन्य पुरुष**

**(क) उत्तम पुरुष (First Person)** : जिन सर्वनामों का प्रयोग बोलने, कहने अथवा लिखने वाला अपने नाम के बदले करता है, वे उत्तम पुरुष कहलाते हैं । **जैसे : मैं, मैंने, हम, हमें, हमने** आदि ।

**(ख) मध्यम पुरुष (Second Person)** : जिन सर्वनामों का प्रयोग श्रोता के लिए किया जाता है, वे मध्यम पुरुष कहलाते हैं । **जैसे : तू, तुम, तुम्हें, तुम लोग, आप, आपको, आपने, आप लोग** आदि ।

**(ग) अन्य पुरुष (Third Person)** : जिन सर्वनामों का प्रयोग कहने, बोलने, अथवा लिखने वाला किसी अन्य के लिए करता है, वे अन्य पुरुष कहलाते हैं । **जैसे : वह, वे उसे, उसने, उन्हें, उन्होंने, यह, ये, इन्हें, इन्होंने** आदि ।

2. निश्चयवाचक सर्वनाम (**Demonstrative Pronoun**)

**जो सर्वनाम शब्द किसी निश्चित व्यक्ति अथवा वस्तु की ओर निश्चयपूर्वक संकेत करते हैं, वे ' निश्चय वाचक ' सर्वनाम कहलाते हैं । जैसे :** 1. वह मेरी मुस्तक है । 2. ये मुन्ने के खिलौने हैं ।

उपर्युक्त उदाहरणों में ' **वह** ' और ' **ये** ' सर्वनाम शब्द किसी वस्तु की ओर निश्चयपूर्वक संकेत करते हैं । अतः ये शब्द ' **निश्चयवाचक सर्वनाम** ' हैं ।

# क्रिया (Verb)




**किसी कार्य के करने अथवा होने का बोध कराने वाले शब्द ' क्रिया ' कहलाते हैं।**
इसे दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है–

1. **होना** : इस क्रिया से किसी कार्य के होने, अर्थात् उसके अस्तित्व का बोध हो जाता है। इस वर्ग की क्रियाएँ ' अस्तित्ववाची ' कही जाती हैं।
**जैसे** : वह शिक्षित है।

2. **करना** : इस क्रिया से किसी कार्य के करने का बोध होता है। अस्तु, इस वर्ग की क्रियाएँ ' कार्यवाची ' कही जाती हैं। **जैसे** : विराज़ पढ़ता है।

Additional Grammar

---

<u>कर्म के आधार पर क्रिया के भेद</u>




कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद होते हैं– 1. अकर्मक क्रिया
2. सकर्मक क्रिया

1. अकर्मक क्रिया (Intransitive Verb)

**जिस क्रिया के व्यापार (कार्य) और फल दोनों कर्ता में ही विद्यामान रहें, उसे ' अकर्मक क्रिया ' कहते हैं। यह क्रिया कर्म रहित होती है।**

1. विराज़ पढ़ता है। 2. भानू खेलती है। 3. बच्चा सोता है।

पहले वाक्य में पढ़ने का कर्म और फल दोनों **विराज़** में ही हैं। इसी प्रकार दूसरे वाक्य में खेलने का कर्म और फल दोनों ही **भानू** में हैं। ऐसे ही तीसरे वाक्य में सोने का कर्म और फल दोनों ही **बच्चा** में हैं। अस्तु ' पढ़ता है, खेलता है और सोता है ' अकर्मक क्रियाएँ हैं। इन क्रियाओं के कर्म नहीं हैं।

2. सकर्मक क्रिया (Transitive Verb)

**क्रिया के पूर्व ' क्या ' या ' किसको ' लगाकर प्रश्न करने पर यदि कोई उत्तर आए, तो क्रिया ' सकर्मक ' होगी। यदि उत्तर कुछ नहीं आता, तो क्रिया ' अकर्मक ' होगी।**

1. श्रीरम ने रावण को मारा। 2. भानू ने दूध गरम किया। 3. शिकारी ने हिरन का शिकार किया।

उपर्युक्त वाक्यों में ' **मारा, गरम किया** और **शिकार किया** ' क्रियाओं का फल क्रमशः कर्ता ' **श्रीराम, भानू** और **शिकारी** ' पर न पड़कर ' **रावण, दूध** और **हिरन** ' पर पड़ रहा है। इन वाक्यों में ' **रावण, दूध** और **हिरन** ' कर्म हैं। अस्तु, ये **सकर्मक क्रियाएँ** हैं।

<u>सकर्मक और अकर्मक क्रिया में अंतर</u>

1. भानू दूध पीती है। 2. बच्चा खेलता है।

पहले वाक्य में प्रश्न कीजिए, भानू क्या पीती है ? **उत्तर है** – ' **दूध** '; अस्तु,' **पीती है** ' क्रिया ' **सकर्मक**'
अब दूसरे वाक्य में ' **क्या** या **किसको** ' लगाकर प्रश्न कीजिए। बच्चा क्या खेलता है ? उत्तर कुछ नहीं। यहाँ ' **खेलता है** ' क्रिया **अकर्मक** है।

# विशेषण (Adjective)

जो शब्द किसी संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता, रंग, परिणाम और संख्या बतलाते हैं,उन्हें ' विशेषण ' कहते हैं तथा जिन शब्दों की विशेषता बताई जाती है, उन्हें ' विशेष्य ' कहते हैं |

Additional Grammar

विशेषणों का प्रयोग दो प्रकार से होता है :

1. संज्ञा या सर्वनाम शब्दों से पूर्व | जैसे : अच्छे लड़के शोर नहीं मचाते |
2. संज्ञा या सर्वनाम शब्दों के बाद | जैसे : मुन्ने के बाग के आम मीठे हैं |

<u>विशेषण के भेद</u>




विशेषण के चार भेद हैं– 1. गुणवाचक विशेषण 2. परिमाणवाचक विशेषण 3. संख्यावाचक विशेषण 4. सार्वनामिक विशेषण

### 1. गुणवाचक विशेषण (Adjective of Quality)

(क) मानसरोवर में **सफ़ेद** हंस तैर रहे हैं | (ख) **विदेशी** वस्तुओं के बहिष्कार की प्रेरणा दी |
(ग) बच्चे के लिए **मीठे** संतरे लाओ | (घ) **प्रातःकालीन** भ्रमण स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है |
(ङ) **बूढ़ों** का सम्मान करो |

उपर्युक्त वाक्यों में ' **सफ़ेद, विदेशी, मीठे, प्रातःकालीन** और **बूढ़ों** ' शब्द, ' **रंग, स्थान, स्वाद, समय** और **अवस्था** ' आदि गुण बतला रहे हैं | ये शब्द ' **गुणवाचक विशेषण** ' हैं |

**जिन विशेषणों से संज्ञा अथवा सर्वनामों के गुण, रंग, समय, स्थान, आकार, दशा, अवस्था, दिशा, गंध, स्पर्श और स्वाद आदि का बोध होता है, उन्हें ' गुणवाचक विशेषण ' कहते हैं |**

1. गुणबोधक : सच्चा, बुद्धिमान, ईमानदार, परिश्रमी, शिष्ट, अच्छा, पवित्र, उदार, कृपण, दयालु, वीर, कायर, दानी आदि |
2. रंग : सफ़ेद, काला, भूरा, पीला, नीला, हरा, कत्थई, बैंगनी, लाल, मटमैला, धानी आदि |
3. अवगुणबोधक : झूठा, बुरा, बेईमान, अशिष्ट, क्रूर, पापी, अहंकारी आदि |
4. ध्वनिबोधक : कर्कश, मधुर, सरस आदि |
5. आकारबोधक : चौड़ा, लंबा, गोल, चौकोर, तिकोना, वर्गाकार आदि |
6. स्थानबोधक : देशी, विदेशी, स्थानीय, बनारसी, भारतीय, ऊँचा, नीचा आदि |
7. गंधबोधक : सुगंधित, दुर्गंधयुक्त, सोधी आदि |
8. स्वादबोधक : चरपरा, मीठा, खट्टा, नमकीन आदि |
9. स्पर्शबोधक : खुरदरा, कठोर, कोमल, मुलायम आदि |

18. निम्न लिखित विज्ञापन पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए। 4 x 1 = 4




अ) यह विज्ञापन किस रोग के संक्रमण के खतरे को सूचित करता है ? ( )

**A.** करोना **B.** मलेरिया **C.** फ़्लू **D.** सर्दी

आ) किसकी लार अन्य चीज़ों को भी प्रभावित कर सकती है ? ( )

**A.** स्वास्थ्य व्यक्ति **B.** मानसिक रोगी **C.** बीमार व्यक्ति **D.** विकलांग व्यक्ति

इ) विज्ञापन का निनाद क्या है ? ( )

**A.** सदैव नीरोग रहें **B.** सदैव जीवित रहें **C.** सदैव सड़क पर रहें **D.** सदैव सतर्क रहें

ई) यह विज्ञापन किसके द्वारा जारी किया गया है ? ( )

**A.** मिनस्ट्री ऑफ़ रूरल डवलपमेंट **B.** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
**C.** मिनस्ट्री ऑफ़ आर्बन डवलपमेंट **D.** मुनसिपल कार्पोरेशन

<u>उत्तर</u> : अ. **A** आ. **C** इ. **D** ई. **B**

# HINT STORIES

## रूपरेखा (संकेतों) के सहारे कहानी लिखना

रूपरेखा या दिये गये संकेतों के आधार पर कहानी लिखना कठिन भी है, सरल भी | कठिन इसलिए कि संकेत अधूरे होते हैं | इसके लिए कल्पना और मानसिक व्यायाम करने की आवश्यकता पड़ती है | सरल इसलिए कि कहानी के संकेत पहले से दिये रहते हैं | यहाँ केवल खाना पुरी करनी होती है | लेकिन इस प्रकार की कहानी लिखने के लिए कल्पना से अधिक काम लेना पड़ता है | ऐसी कहानी लिखने में वे ही छात्र अपनी क्षमता का परिचय दे सकते हैं, जिनमें सर्जनात्मक और कल्पनात्मक शक्ति अधिक होती है | इसके लिए छात्रों को संवेदनशील और कल्पनाप्रवण होना चाहिए |
उदाहरण इस प्रकार है–

1. एक जंगल - एक कौआ था - एक दिन - धूप अधिक - बहुत प्यास लगी - कहीं - पानी नहीं - तलाश - दूर-दूर तक - घर के पास - घड़ा - बहुत खुश - बहुत कम पानी - चोंच तक नहीं - एक उपाय सूझा - आसपास - छोटे-छोटे कंकड़ - एक एक करके - पानी ऊपर - प्यास बुझायी - उड़ गया |

### चतुर कौआ

एक जंगल में एक कौआ था | एक दिन वह जंगल में इधर-उधर भटक रहा था | गर्मियों के दिन के कारण धूप अधिक था | उसे बहुत प्यास लगी | लेकिन उसे कहीं भी पानी नहीं मिला | पानी की तलाश में वह दूर-दूर तक उड़ता गया | अचानक एक घर के पास एक घड़ा दिखाई दिया | वह बहुत खुश हुआ | कौआ खुशी-खुशी वहाँ पहुँचा और घड़े में झांका, तो उसे पता चला कि उसमें बहुत कम पानी है | कौए ने अपनी चोंच घड़े में डाली, लेकिन पानी बहुत कम होने के कारण वह उसे चोंच तक नहीं आ रहा है | अचानक उसे एक उपाय सूझा | आसपास के छोटे-छोटे कंकड़ एक-एक करके घड़े में डालने लगा, जिससे पानी का स्तर थोड़ा ऊपर आ गया | कौआ अपनी प्यास बुझाकर वहाँ से उड़ गया |

2. एक किसान - चार लड़के - आपस में लड़ते - किसान बुहुत बीमार - मृत्यु के निकट - सबको बुलाया - मिल-जुलकर रहने - कोई प्रभाव नहीं पड़ा - लकड़ियों का गट्ठर - लकड़ियों को तोड़ने को दिया - किसी से न टूटा - लकड़ियाँ गट्ठर से अलग - लड़कों को बारी-बारी से बुलाया - एक-एक कर लकड़ियाँ तोड़ी |

### एकता

एक किसान था | उसके चार लड़के थे | पर, उन लड़कों में मेल नहीं था | वे आपस में बराबर लड़ते-झगड़ते रहते थे | एक दिन किसान बहुत बीमार पड़ा | जब वह मृत्यु के निकट पहुँच गया, तब उसने अपने चारों लड़कों को बुलाया और मिल-जुलकर रहने की शिक्षा दी | किन्तु लड़कों पर उसकी बात का कोई प्रभाव नहीं पड़ा | तब किसान ने लकड़ियों का गट्ठर मँगाया और लड़कों को तोड़ने को कहा | किसी से वह गट्ठर न टूटा | फिर, लकड़ियाँ गट्ठर से अलग की गयीं | किसान ने अपने सभी लड़कों को बारी-बारी से बुलाया और लकड़ियों को अलग-अलग तोड़ने को कहा | सबने आसानी से ऐसा किया और लकड़ियाँ एक-एक कर टूटती गयीं | अब लड़कों की आँखें खुलीं | तभी उन्होंने समझा कि आपस में मिल-जुलकर रहने में कितना बल है | शिक्षा : एकता में बल है |

3. एक जंगल - खरगोश और कछुआ - अपनी फुर्ती - गर्व - हमेशा कछुए को - एक दिन खरगोश - तुम्हारे और मेरे बीच दौड़ - मुझे मंजूर है - ऊँची पहाड़ी तक - दौड़ आरंभ - खरगोश काफ़ी आगे - आराम करना - गहरी नींद - धीरे-धीरे - आगे निकल - विजय रेखा - नींद टूटी - सिर शर्म - झुक गया |

# पत्र (LETTERS)

Hindi Letters
हिंदी पत्र

## 1. छुट्टी - पत्र

**आवश्यक कार्य हेतु प्रार्थना पत्र**

स्थान : राजमंद्री,
दिनांक : XXXX.

सेवा में,
श्री प्रधानध्यापक जी,
जि. प्र. प. उ. पाठशाला,
राजमंद्री |

मान्यवर महोदय,
सादर प्रणाम |

मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि मेरी बड़ी बहन की शादी अगले सोमवार तिरुपति में होनेवाली है | मुझे वहाँ जाना जरूरी है | क्योंकि शादी के कामों में सहायता के लिए मेरे पिताजी मुझे अपने साथ रखना चाहते हैं | हम लोग कल ही, तिरुपति-एक्सप्रेस से जा रहे हैं | इसलिए शादी में सम्मिलित होने के कारण मैं विद्यालय में नहीं आ सकता | इसलिए आप मुझे दि.------------- से ------------- तक पाँच दिन की छुट्टी देने की कृपा करें |

सधन्यवाद |

आपका आज्ञाकारी छात्र,
XXXXXXXXXXXXXXX,
दसवी कक्षा - ए,
जि. प्र. प. उ. पाठशाला,
राजमंद्री |



## 2. लॉकडाउन (LOCK DOWN)



**लॉकडाउन के बारे में बताते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए |**



स्थान : राजमंद्री,
दिनांक : **XXXX.**

प्रिय मित्र,
मैं यहाँ कुशल हूँ | आशा करता हूँ कि तुम भी वहाँ कुशल होंगे | करोना वायरस के चलते पूरे देश में लॉकडाउन है | चूँकि, यह मौका देश के लोगों के सामने पहली बार आया है | इसलिए इसके बारे में आपके लिए जानना बहुत जरूरी है | इसके बारे में सही जानकारी होने से आपको इससे निपटने में काफ़ी मदद मिलेगी |

माँ की बचत बैंक खाते की नंबर उलट-फेर हुई। आप मुझे कृपा कर स्कीम में शामिल करें तो अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख सकूँगी। यदि मैं आगे की पढ़ाई न कर सकी तो मेरा भविष्य अंधकारमय होगा। आप मेरी स्थिति पर विचार करें। सधन्यवाद।




आपका आज्ञाकारी छात्रा,
XXXXXXXXXXXXXXX,
दसवी कक्षा - ए,
जि. प्र. प. उ. पाठशाला,
राजमंद्री।

## 10. मित्र के नाम पत्र

**दसवी कक्षा के बाद इंटरमीडियट में लेनेवाली ग्रूप के विषय में संदेह निवृत्ति हेतु मित्र के नाम पत्र।**



**स्थान** : राजमंद्री,
**दिनांक : XXXX.**

प्रिय मित्र,

मैं यहाँ कुशल हूँ। आशा करता हूँ कि तुम भी वहाँ कुशल होंगे। हमारे भविष्य के उज्ज्वल प्रथम घट दसवीं कक्षा में हम दोनों उत्तीर्ण हो चुके हैं। इसके बाद पढ़ाई के विषय में मुझे तुम्हारी मदद चाहिए। इन्टर में यम.पी.सी के द्वारा भविष्य में इंजनीयर बनना या बाई.पि.सि के द्वारा डॉक्टर बनना दोनों में मेरे लिए कौन-सी पढ़ाई उत्तम होगी ? तुम्हारे उत्तर और मदद के लिए इन्तजार करते हुए **. . .**

तुम्हारा प्रिय मित्र,
**XXXXXXXXX.**







**पता :–**
श्रीनिवासुडु ग्रंधि,
दसवीं कक्षा,
जि.प्र.प.उ.पाठशाला,
**XXXXXXXXX.**

## 11. डिजिटल क्लास रुम (DCR)

**तुम्हारी पाठशाला में चलनेवाली डिजिटल क्लास रुम के बारे में बताते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए।**

**स्थान** : राजमंद्री,
**दिनांक : XXXX.**



प्रिय मित्र,

मैं यहाँ कुशल हूँ। आशा करता हूँ कि तुम भी वहाँ कुशल होंगे। पाठशाला शिक्षा में राज्य सरकार द्वारा ले आई डिजिटल क्लास रुम प्रणाली मुझे बहुत अच्छी लगी। क्यों कि आजकल नई तकनीकी से शिक्षा ले रहे छात्रों की पढ़ाई केवल किताबों तक सीमित नहीं है। पढ़ाई के इस नये तरीके में हमको हर चीज़ वीडियो, पिक्चर और ग्राफिक्स के जरिए समझाई जाती है। अधिकतर विषय फिल्मों व एनमिशन दृश्यों के

जरिए पढ़ाए जाएँगे। पढ़ाई का तरीका बदलने वाली ये टेक्नोलॉजी न सिर्फ हमारे लिए दिलचस्प है बल्कि अध्यापक के लिए आसान भी है। स्मार्ट शिक्षा की अवधारणा वास्तव में 21 वीं सदी के छात्रों के लिए एक वरदान है।



तुम्हारा प्रिय मित्र,
**XXXXXXXXX.**

पता :–
श्रीनिवास बोल्ल,
दसवीं कक्षा,
जि.प्र.प.उ.पाठशाला,
**XXXXXXXXX.**

# 12. शिकयती पत्र (ATM मशीन में गड़बड़ी)

**ATM से पैसे नहीं निकले लेकिन खाते से पैसे कट जाने के सम्बंध में शाखा प्रबंधक के नाम पत्र।**




**स्थान** : राजमंद्री,
दिनांक : **XXXX.**

सेवा में,
श्रीमान शाखा प्रबंधक,
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया,
दानवाई पेट,
राजमंद्री।

विषय : **ATM** से पैसे नहीं निकले लेकिन खाते से पैसे कट जाने के सम्बंध में।

महाशय,

सविनय निवेदन है कि मैं (बेतिनीडि श्रीनिवास राव) आपके बैंक का एक खाताधारी हूँ। जब मैं **ATM** मशीन से पैसे निकाल रहा था तभी **ATM** मशीन में कुछ गड़बड़ी के कारण पैसे नहीं निकले और वे पैसे मेरे खाते से काट लिए गये हैं। यह राशि दस हज़ार (10,000) थी और समय 11.25AM था। इन रुपयों की मुझे बहुत जरूरत है।

अतः आपसे निवेदन है कि मेरे पैसों को मुझे देने के लिए कृपा करें। इसके लिए मैं सदा आपका आभारी रहूँगा।







आपका विश्वसनीय,

बी.श्रीनिवास राव
खाता नंबर : 3147828**xxxx**
मोबाइल नंबर : 998907**xxxx**
(हस्ताक्षर करें)




# निबंध (GENERAL ESSAYS)

## 1. पर्यावरण और प्रदूषण




निबंध की रूप रेखा : 1.विषय प्रवेश 2. विषय विस्तार 3. नष्ट 4. उपसंहार |

### विषय प्रवेश :

पर्यावरण का अर्थ है वातावरण | पर्यावरण हर प्राणी का रक्षाकवच है | पर्यावरण के संतुलन से मानव का स्वास्थ्य अच्छा रहता है | पर्यावरण में भूमि, वायु, जल, ध्वनि नामक चार प्रकार के प्रदूषण फैल रहे हैं | इन प्रदूषणों के कारण पर्यावरण बिगडता जा रहा है |

### विषय विस्तार :

धरती पर रहनेवाले हर प्राणी को जीने प्राणवायु की आवश्यकता होती है | यह प्राणवायु हमें पेड़-पौधों के हरे-भरे पत्तों से ही मिलती है | इन दिनों पेड़-पौधों को बेफिक्र काट रहे हैं | पेड़-पौधों को काटने से पर्यावरण का संतुलन तेज़ी से बिगडता जा रहा है | हमारे चारों ओर के कल-कारखानों से धुआँ निकलता है | इससे वायु प्रदूषण बढ़ रहा है | कूडे-कचरे को नदी-नालों में बहा देने से जल प्रदूषण हो रहा है | वायु, जल प्रदूषणों के कारण कई बीमारियाँ फैल रही हैं | यातायात साधनों के भीषण ध्वनियों से ध्वनि प्रदूषण हो रहा है |

### नष्ट :

पर्यावरण के असंतुलन से मौसम समय पर नहीं आता | इससे वर्षा भी ठीक समय पर नहीं होती | वर्षा हुई भी तो अतिवृष्टि या अल्पवृस्टि होती है | वर्षा के कारण अकाल पडता है |

### उपसंहार :

प्रदूषण को यथा शक्ति दूर करना हम सबका कर्तव्य है | इसके लिए हम सब यह वचन लें और प्रयत्न करें – गंदगी न फैलाएँ, कूडा-कचरा नदी नालों में न बहायें, उनको सदा साफ़ रखें | पेड़ों को न काटें | नये पेड़-पौधे लगाकर पृथ्वी की हरियाली बढ़ायें | वाहनों का धुआँ और ध्वनि कम करें | ऐसा करने से ही पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सकते हैं |




## 2. पाठशाला में खेलों का महत्व



1.प्रस्तावना 2. प्रकार 3. लाभ 4. नष्ट 5. उपसंहार |

### प्रस्तावना :

पाठशाला में विद्याध्ययन के साथ खेलों की भी जरूरत है | विद्यार्थी अपने विद्याध्ययन के साथ - साथ खेलों पर भी ध्यान देना चाहिए | शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम और खेल - कूदों की जरूरत है |

## उपसंहार :

आज कोई भी ऐसा क्षेत्र बाकी नहीं बचा कि जिस तरफ भारतीय विज्ञान और वैज्ञानिकों के चरण-चिह्न अंकित न हुए हो | वैज्ञानिक निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में उसके जो चरण एक बार उठ कर बढ़ चुके हैं वे अब रुकने वाले नहीं; इतना निश्चित है |






# 4. करोना वायरस






<u>निबंध की रूपरेखा :</u> 1.प्रस्तावना 2.करोना वायरस क्या है ? 3.लक्षण 4.इससे बचाव के उपाय 5.उपसंहार

## प्रस्तावना :

करोना वायरस बहुत सूक्ष्म लेकिन प्रभावी वायरस है | इस वायरस का संक्रमण दिसंबर 2019 में चीन के वुहान नगर में शुरू हुआ था | करोना वायरस मानव के बाल की तुलना में 900 गुना छोटा है, लेकिन इसका संक्रमण तेजी से फैलता है |

## करोना वायरस क्या है ?

करोना वायरस (सी.ओ.वी) का संबंध वायरस के ऐसे परिवार से है जिसके संक्रमण से जुकाम से लेकर सांस लेने में तकलीफ़ जैसी समस्या हो सकती है | यह खांसी और छींक से गिरने वाली बूंदों के जरिए फैलता है | इसके संक्रमण के फलस्वरूप बुखार, जुकाम, सांस लेने में तकलीफ नाक बहना और गले में खराश जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती है | यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है | इसलिए इसे लेकर बहुत सावधानी बरती जा रही है |

## लक्षण :

**WHO** के मुताबिक बुखार, खांसी, सांस लेने में तकलीफ इसके लक्षण हैं | कोवाइड 19 / करोना वायरस में पहले बुख़ार होता है | इसके बाद सूखी खांसी होती है और फिर एक हफ़्ते बाद सांस लेने में परेशानी होने लगती है | करोना वायरस के गंभीर मामलों में निमोनिया, सांस लेने में बहुत ज्यादा परेशानी, किडनी फ़ेल होना और यहाँ तक कि मौत भी हो सकती है | बुजुर्ग या जिन लोगों से पहले से आस्थमा, मधुमेह या हार्ट की बीमारी है उनके मामले में ख़तरा गंभीर हो सकता है |

## इससे बचाव के उपाय :

स्वास्थ्य मंत्रालय ने करोना वायरस से बचने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं | इनके मुताबिक हाथों को साबुन से धोना चाहिए | अल्कोहल आधारित हैंड रब का इस्तेमाल भी किया जा सकता है | खांसते और छींकते समय नाक और मुँह रूमाल या टिश्यू पेपर से ढ़ंककर रखें | जिन व्यक्तियों में कोल्ड और फ़्लू के लक्षण हों, उनसे दूरी बनाकर रखें और उन्हें मास्क पहनाने की जरूरत बताना है |

## उपसंहार :

विश्व स्वास्थ्य संगठन (**WHO**) ने करोना वायरस को महामारी घोषित कर दिया है | पूरी दुनिया में लाखों लोग इससे संक्रमित हुए थे | सार्वजनिक वाहन जैसे– बस, रेल, ऑटो या टैक्सी से यात्रा न करें | ऑफीस, स्कूल या सार्वजनिक जगहों पर न जाएँ | 14 दिनों तक ऐसा करते रहें ताकि संक्रमण का ख़तरा कम हो सके |

# X CLASS – HINDI STUDY MATERIAL(C,D Grade)

## 1. बरसते बादल

**1. कवि श्री सुमित्रानंदन पंतजी का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।**

**ज :** श्री सुमित्रानंदन पंत जी का जन्म सन् 1900 में हुआ । देहांत सन् 1977 में हुआ । वे छायावादी के प्रमुख कवि माने जाते हैं । इनकी रचनाओं में प्रकृति का सुंदर चित्रण मिलता है । चिदंबरा काव्य ग्रंथ पर इनको ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला ।

**2. मेघ, बिजली और बूँदों का वर्णन यहाँ कैसे किया गया है ?**

**ज :** सावन में मेघ झम-झम झम-झम बरसते हैं । बिजली चम-चम चमकती है । रिमझिम-रिमझिम बूँदें गिरती हैं ।

**3. प्रकृति की कौन-कौनसी चीज़ें मन को छू लेती हैं ?**

**ज :** वर्षा की बूँदें, ठण्डी हवा, चाँदनी, बहती नदियाँ, ऊँचे पर्वत, खेतों की हरियाली, सुंद्रर पेड़, पक्षियों का कलरव आदि प्रकृति की चीजें मन को छू लेती हैं ।

**4. तृण-तृण की प्रसन्नता का क्या भाव है ?**

**ज :** प्रकृति की सारी चीजें मनुष्य, पशु-पक्षी, पेड़-पौधे सभी में वर्षा के कारण प्रसन्नता छा जाती है । बिना वर्षा के सब दुःखी और नीरस रह जाते हैं ।

**5. घने बादलों का वर्णन अपने श्ब्दों में लिखिए ?**

**जः** आसमान में घने बादल मंड़राते हैं । आसमान में बादल विभिन्न आकारों में दिखाई देते हैं । सावन के महीने में इनकी शोभा देखने लायक होती है । बादलों के हृदय में बिजली चमकती है ।

**6. वर्षा सभी प्राणियों के लिए जीवन का आधार है । कैसे ?**

**ज :** वर्षा होती हैं तो नदियाँ बहती हैं । खेतों की सिंचाई होती है । पेड़-पौधे उगते हैं । जिसके कारण सभी प्राणियों की प्यास बुझती है, आहार मिलता है ।

**7. वर्षा ऋतु के प्राकृतिक सौंदर्य पर अपने विचार लिखिए ।**

**ज :** वर्षा ऋतु में काले बादल छा जाते हैं । आकाश में चमचमाती बिजली कड़कती है । वर्षा ऋतु में ही हमें सुंदर इन्द्रधनुष देखने को मिलता है । वर्षा के समय मोर पंख फैलाकर नाचता है । नदियाँ बहने लगती हैं । प्राणी मात्र में उल्लास छा जाता है ।

**8. बरसते बादल (सारांश) :** बरसते बादल कविता के कवि श्री सुमित्रानंदन पंत जी हैं । इस कविता में वर्षा ऋतु का वर्णन है । वर्षा ऋतु में बादल झम-झम बरसते हैं । बिजली चमचम चमकती है । वर्षा की बूँदे छम-छम गिरती हैं । मेंढ़क, झिल्ली, मोर और चातक आवाजें करते हैं । घुमड़-घुमड़ कर मेघ गरजते हैं । आकाश से जल की धाराएँ धरती पर गिरती हैं । मिट्टी का कण-कण पुलकित होता है । कवि का मन इंध्रधनुष के झूले में झूलने लगता है । कवि मन भावन सावन को बार-बार आने का निमंत्रण देते हैं ।

## 2. ईदगाह

**1. ईद के दिन का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए ।**

**ज :** ईद के पहले तीस दिन मुसलमान रोज़ा रखते हैं । तीसवें दिन चाँद को देखकर ईद मनाते हैं । मसजिद में सामूहिक नमाज़ पढ़कर सभी हँसी-खुशी गले मिल ईद मनाते हैं ।

**2. हामिद ग़रीब है फिर भी वह ईद के दिन अन्य लड़कों से अधिक प्रसन्न है, क्यों ?**

**ज :** हामिद की प्रसन्नता के कारण यह है कि– उसके माता- पिता के मरजाने की बात का उसे पता नहीं । वह समझता है पिता पैसे कमाने गये, माँ अल्लाह के घर से उसके लिए खिलौना लाने गई है ।

**3. हामिद के खुशी का कारण क्या है ?**

**ज :** सब बच्चों के साथ ईदगाह जाने का मौका मिलने के कारण वह बहुत खुश था ।

# निबंध

## 1. पर्यावरण और प्रदूषण

पर्यावरण का अर्थ है वातावरण। प्रदूषण चार प्रकार के होते हैं– भूमि, वायु, जल और ध्वनि। इन प्रदूषणों से कई हानियाँ होती हैं। इन प्रदूषणों को दूर करना हमारा कर्तव्य हैं। पेड़ों को न काटना चाहिए। पेड़-पौधें लगाना चाहिए। पर्यावरण की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

## 2. राष्ट्र भाषा हिन्दी

भारत एक विशाल देश है। यहाँ अनेक जाति-धर्म वाले रहते हैं। फिर भी हम सब मिल-जुलकर रहते हैं। भारत में एकता के दर्शन होता है। भारत की राष्ट्रभाषा हिन्दी है। हिन्दी सीखने से सारे भारत में हम आसानी से घूम सकते हैं। एक दूसरे के बारे में जान सकते हैं। इस से राष्ट्रीय एकता बढ़ सकती है।

## 3. मेरा प्रिय त्यौहार(दीपावली)

दीपावली का अर्थ है दीपों का समूह। यह त्यौहार आश्विनमास के अमावास्या को मनाया जाता है। इस दिन श्रीकृष्ण और सत्यभामा ने नरकासुर का वध किया। लोगों ने दीप जलाकर खुशियाँ मनायी। इस दिन व्यापारी लोग लक्ष्मी की पूजा करते हैं। पकवान बनाते हैं और पटाखें उडाते हैं।

## 4. स्वच्छ भारत

यह अभियान 2 अक्तूबर 2014 को गाँधी जयंती संदर्भ में शुरु हुआ। 2 अक्तूबर 2019 तक चलेगा। यह अभियान राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा से किया जानेवाला कार्यक्रम है। इस अभियान का नारा है–'' एक कदम स्वच्छता की ओर ''। इस अभियान का उद्धेश्य है, हर व्यक्ति अपने आस-पास की गलियों और सड़कों को साफ-सुथरा करना है। भारत को स्वच्छ बनाने के लिए शपथ लेंगे।

## 5. दूरदर्शन

यह मनोरंजन का एक प्रमुख साधन है। जे. एल. बयार्ड ने इसका आविष्कार किया। इसमें दृश्य और ध्वनि का समन्वय प्रसार होता है। इससे मनोरंजन के साथ विज्ञान भी मिलता है। इससे अनेक लाभ हैं। कुछ नष्ट भी हैं। हमें इसका सदुपयोग करना चाहिए।

## 6. कंप्यूटर (संगणक)

आज विज्ञान का युग है। कंप्यूटर विज्ञान की सब से बड़ी महत्वपूर्ण चमत्कारी देन है। कंप्यूटर को हिन्दी में ' संगणक ' कहते हैं। गणन या गुणन इसके सहारे हम बहुत आसानी से कर सकते हैं। इससे मानव की बौध्दिक क्षमता की ज्यादा से ज्यादा बचत हो सकती है। इसलिए हर छात्र को कंप्यूटर का ज्ञान पाना आवश्यक बन गया है। यह मानव - जीवन के लिए विज्ञान का अपूर्व वरदान है।

## 7. प्रिय नेता / आदर्श नेता

गाँधीजी सब के लिए प्रिय/आदर्श नेता थे। उन्होंने लोगों को सादगी का जीवन बिताने का उपदेश दिया। स्वयं आचरण में रखकर, हर कार्य उन्होंने दूसरों को मार्गदर्शन किया। नेहरू, पटेल आदि महान नेता उनके आदर्श पर ही चले हैं। महात्मा गाँधीजी मेरे अत्यंत प्रिय / आदर्श नेता हैं।